## Sample paper (2023-24)

**CLASS : 12th (Sr.Secondary)** **Code No. 523**

**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | |

**SET : A**

## हिंदी ऐच्छिक (Hindi Elective)

## ACADEMIC / OPEN

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

---

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 9 तथा 11 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

---

*सामान्य निर्देश:*

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।
(iii)प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित 'निर्देश दिए गए हैं।
(iv)प्रश्न के उपभागों को यथा संभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।
(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

## खंड - क

**प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

1x5=5

भाषा का एक प्रमुख गुण है— सृजनशीलता। हिंदी में सृजनशीलता का अद्भुत गुण है, अद्भुत क्षमता है, जिससे वह निरंतर प्रवाहमान है। हिंदी ही ऐसी भाषा है, जिसमें समायोजन की पर्याप्त और जादुई शक्ति है। अन्य भाषाओं और संस्कृतियों के शब्दों को हिंदी जिस अधिकार और सहजता से ग्रहण करती है, उससे हिंदी की संभावनाएँ प्रशस्त होती हैं। हिंदी के लचीलेपन ने अनेक भाषाओं के शब्दों को ही नहीं, उनके सांस्कृतिक तेवरों को भी अपने में समेट लिया है। यही कारण है कि हिंदी सामाजिक संस्कृति तथा विविध भाषा-भाषियों और धर्मावलंबियों की प्रमुख पहचान बन गई है। अरबी, फ़ारसी, तुर्की, अंग्रेज़ी आदि के शब्द हिंदी की शब्द-संपदा में ऐसे मिल गए हैं, जैसे वे जन्म से ही इसी भाषा परिवार के सदस्य हों। यह समाहार उसकी जीवंतता का प्रमाण है।

(i) हिंदी के निरंतर प्रवाहमान रहने का क्या कारण है?

क) संस्कृति ख) सृजनशीलता

ग) सीमित मानसिकता घ) रूढ़िवादिता

(ii) हिंदी की संभावनाएँ कैसे प्रशस्त होती गई हैं?

क) अन्य भाषाओं के शब्दों को सहजता से ग्रहण करने से

ख) अपने सांस्कृतिक स्वरूप से

ग) अपनी तटस्थता से

घ) अन्य भाषाओं को तुच्छ समझकर

(iii) हिंदी ने लचीलेपन के कारण क्या किया?

क) केवल अन्य भाषा के शब्दों को ग्रहण किया

ख) अन्य भाषाओं के शब्दों व सांस्कृतिक तेवरों को अपने में समेट लिया

ग) अपनी सामाजिक पहचान को बनाए रखा

घ) दूसरी भाषाओं को अधिक महत्त्व दिया

(iv) हिंदी ने अन्य भाषाओं के शब्दों को स्वयं में समाहित अपना स्वरूप निर्मित करके क्या किया?

क) भारत की भौगोलिक स्थिति में परिवर्तन किया

ख) भारत की सामाजिक संस्कृति की पहचान बन गई

ग) हिंदी के स्वरूपों को आच्छादित किया

घ) हिंदी के विकास को रोक दिया

(v) प्रस्तुत गद्यांश किस विषयवस्तु पर आधारित है?

क) हिंदी भाषा पर
ख) हिंदी भाषा और अन्य भाषा पर
ग) हिंदी भाषा और तकनीकी युग पर
घ) हिंदी के विकास पर

**प्रश्न-2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5**

कूड़े के ढेर से
प्रदर्शनी में चित्र,
कुछ चुनते हुए बच्चे को देख मंच पर कविता, एक चित्रकार ने
करुणामय चित्र बना डाला।
कवि ने
और पत्रिका में छपी
कहानी को खूब सराहा।
एक मार्मिक रचना रच डाली। एक कहानीकार ने
पर उस बच्चे ने चित्र,
कविता और कहानी से क्या
पाया?
'उसी बच्चे' पर
कालजयी
वो अब भी लगा है......
वहीं कूड़े के ढेर में कुछ खोजने में।
उसे कुछ मिला, नहीं !!!
कहानी कही।
जनता ने

(i) चित्रकार, कहानीकार तथा कवि के कार्य पर जनता ने क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की?
क) जनता उनके कार्यों से क्रोधित हो गई
ख) जनता ने उनके कार्य की खूब प्रशंसा की
ग) जनता का हृदय द्रवित हो गया
घ) जनता अकारण ही चिंतित हो गई।

(ii) प्रस्तुत पद्यांश का केंद्रीय विषय क्या है?
क) बाल श्रम में व्यतीत बचपन
ख) जनता की रुचि अरुचि
ग) साहित्य की उत्कृष्ट रचना
घ) प्रदर्शन की महत्ता

(iii) अंत में बच्चे की स्थिति में क्या परिवर्तन आया ?

क) बच्चे को काम से छुटकारा मिल गया

ख) बच्चे के काम की सराहना हुई

ग) बच्चे का भविष्य सुधर गया

घ) बच्चे की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आया

(iv) बच्चे की दशा को देखकर कहानीकार ने क्या किया?

क) समाज में उस बच्चे को स्थान दिलाया

ख) बच्चे के वर्तमान में बदलाव लाया

ग) बच्चे पर कालजयी कहानी कही

घ) समाज को जागरूक करने का कार्य किया

(v) बच्चे की मार्मिक दशा को देखकर कवि ने किस प्रकार की रचना की?

क) प्रेरणास्पद

ख) प्रतीकात्मक

ग) मार्मिक

घ) सुखात्मक

## खंड -ख

**प्रश्न-3 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए:**

**1x10=10**

(i) लता-प्रतान शब्द का अर्थ है-

(क) पत्थर की लता　　(ख) लता का संकुचन

(ग) लता का फैलाव　　(घ) लता का अंकुरण

(ii) 'बालक बच गया' निबंध में पाठशाला में किसका आयोजन था ?

(क) सभा का　　(ख) खेलकूद का

(ग) गणतंत्र दिवस का　　(घ) वार्षिकोत्सव का

(iii) किस खगोलविद को अपनी मान्यताओं के कारण अनेक कष्ट सहने पड़े ?

(क) अल्बर्ट आईंसटीन　　(ख) आइजक न्यूटन

(ग) गैलीलियो　　(घ) स्टीफ़न हॉकिंग

(iv) गुल मोहम्मद आगा क्या बेचने के लिए गाँव आया था?

(क) कपड़ा　　(ख) शहद

(ग) चीनी (घ) मिठाई

(V) बाजीगर ने माता मरियम को उपहार देने के लिए क्या किया?

(क) हार पहनाया (ख) अपना करतब दिखाया

(ग) पुस्तक भेंट की (घ) फूल भेंट किए

(vi) लघुकथा 'शेर' में शेर किसका प्रतीक है?

(क) व्यवस्था का (ख) राजा का

(ग) प्रजा का (घ) मंत्री का

(vii) पुरानी दंतकथा के अनुसार सिंगरौली का क्या नाम था ?

(क) सिंगारी (ख) भृंगराज

(ग) श्रृंगारी। (घ) सृंगावली

(viii) कुटिया में रहने वाला व्यक्ति किस बीमारी से ग्रस्त था ?

(क) कैंसर (ख) टी॰बी॰

(ग) पीलिया (घ) अल्सर

(IX) संभव किस परीक्षा में बैठने वाला था ?

(क) लॉ सर्विसेज (ख) सिविल सर्विसेज

(ग) एस.एस.सी. (घ) एम.ए.

(x) यक्ष कहाँ निर्वासित जीवन जी रहा था?

(क) रामागिरी पर (ख) नीलगिरि पर

(ग) अरावली पर (घ) चित्रकूट पर

**प्रश्न-4 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1x5= 5**

दुख और सुख तो मन के विकल्प हैं। सुखी वह है जिसका मन वश में है, दुखी वह है जिसका मन परवश है। परवश होने का अर्थ है खुशामद करना, दाँत निपोरना,चाटुकारिता,हाँ -हजूरी। जिसका मन वश में नहीं है,वही दूसरे के मन का छंदावर्तन करता है, अपने को छिपाने के लिए मिथ्या आडंबर रचता है, दूसरों को फँसाने के लिए जाल बिछाता है। कुटज इन सब मिथ्याचारों से मुक्त है। वह वशी है। वह वैरागी है। राजा जनक की तरह संसार में रहकर, संपूर्ण भोगों को भोगकर भी उनसे मुक्त है।

(i) गद्यांश में मनुष्य की किन अंतवृत्तियों पर प्रकाश डाला है?

(ii) लेखक के अनुसार परवश होने का क्या तात्पर्य है ?

(iii) कुटज के मिथ्याचारों से मुक्त होने का क्या कारण है?

(iv) कुटज की तुलना किससे की गई है ?

(v) गद्यांश के पाठ और लेखक का क्या नाम है ?

**प्रश्न-5 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2×2=4**

(क) 'प्रेमघन की स्मृति छाया' में चौधरी साहब के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं को उजागर किया गया है?

(ख) बड़ी बहुरिया का संवाद हरगोबिन क्यों नहीं सुना सका?

(ग) प्रकृति के कारण विस्थापन और औद्योगीकरण के कारण विस्थापन में क्या अंतर है?

**प्रश्न-6 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1X10=10**

(i) देवसेना कौन थी?

(क) स्कंदगुप्त की पत्नी (ख) मालवा के राजा बंधुवर्मा की बहन

(ग) दासी (घ) स्कंदगुप्त की बहन

(ii) कवि'निराला' के प्रथम बसंत की गीति कौन है?

(क) सरोज (ख) स्मृति

(ग) अतीत गौरव (घ) मनोरमा

(iii) 'यह दीप अकेला' कविता में दीप किसका प्रतीक है ?

(क) आशा का (ख) देश का

(ग) व्यक्ति का (घ) समाज का

(iv) बनारस शहर किसका प्रतीक है?

(क) ऐतिहासिकता का (ख) भौगोलिकता का

(ग) आध्यात्मिकता का (घ) दार्शनिकता का

(v) कवि ने हिमालय की दिशा किससे पूछी ?

(क) स्वयं से (ख) अपनी पत्नी से

(ग) एक बच्चे से (घ) अपने गुरु से

(vi) चट्टानें, ऊसर और बंजर को तोड़ने का आहवान क्यों किया गया है?

(क) सृजन के लिए (ख) विनाश के लिए

(ग) विध्वंश के लिए (घ) कृषि के लिए

(vii) अगहन के बाद कौन--सा महीना आता है?

(क) माघ (ख) फाल्गुन

(ग) पूस (घ) वसंत

(viii) राधा के रूप को किसके समान बताया गया है?

(क) गुलाब के समान (ख) चंपा के समान

(ग) सूरजमुखी के समान (घ) कमल के समान

(ix) देवसेना की जीवनरूपी यात्रा में कौन साथ रहा?

(क) स्कंदगुप्त (ख) विजया

(ग) प्रलय (घ) उसका पति

(x)घनानंद किससे प्रेम करते थे?.

(क) सुजान से (ख) सुभान से

(ग) अभान से (घ) अजान से

**प्रश्न-7 निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:** **6x1=6**

चढ़कर मेरे जीवन-रथ पर,<br>
प्रलय चल रहा अपने पथ पर।<br>
मैंने निज दुर्बल पद-बल पर,<br>
उससे हारी -होड़ लगाई।

अथवा

शृंगार, रहा जो निराकार,<br>
रस कविता में उच्छ्वसित-धार<br>
गाया स्वर्गीया-प्रिया-संग<br>
भरता प्राणों में राग-रंग,<br>
रति -रूप प्राप्त कर रहा वही,<br>
आकाश बदल कर बना मही।

**प्रश्न-8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **2x2=4**

(क) सरोज का विवाह अन्य विवाहों से किस प्रकार भिन्न था ?

(ख) माघ महीने में विरहिणी को क्या अनुभूति होती है ?

(ग) कवि मौन होकर प्रेमिका के कौन से प्रण पालन को देखना चाहता है?

## खंड. ग

**प्रश्न-9 'अंतराल (भाग - 2)' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर दीजिए:** **2×3=6**

(क) भैंरों ने सूरदास की झोंपड़ी क्यों जलाई ?

(ख) 'फूल केवल गंध ही नहीं देते दवा भी करते हैं; कैसे ?

(ग) धरती का वातावरण गरम क्यों हो रहा है? इसमें यूरोप और अमेरिका की क्या भूमिका है?

(घ) गरमी और लू से बचने के उपायों का विवरण दीजिए।

## खंड - घ

**प्रश्न-10 'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **1x4=4**

(क) (i) भारत में पहला छापाखाना कब और कहाँ खुला ?

(ii) अंशकालिक पत्रकार किसे कहते हैं?

(iii) बीट रिपोर्टिंग से क्या अभिप्राय है?

(iv) समाचार लेखन की शैली कौन सी है?

(ख) (i) विशेष लेखन किसे कहते हैं? इसके प्रमुख क्षेत्र कौन से हैं? **3X2=6**

(ii) कविता के प्रमुख घटक कौन से हैं?

(ग) नए और अप्रत्याशित विषयों पर लेखन में कौन-कौन सी बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है ? **5**

अथवा

नाटक और कहानी में क्या-क्या असमानताएँ हैं?

## खंड-ड.

**प्रश्न-11 'नैतिक शिक्षा' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **2x5=10**

(क) सनातन धर्म से क्या अभिप्राय है?

(ख) हेमू ने आदिलशाह के राज्य की सुरक्षा किन-किन विद्रोहियों से की?

(ग) अस्वच्छता से क्या- क्या हानियाँ हैं?

(घ) बल्लभ भाई पटेल के जीवन से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

(ड.) गीता से हमें क्या शिक्षा मिलती है?